आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
सोमवार 21.04.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोकसेवकों से असाधारण गति से काम करने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को जन शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चार सदस्यीय दल ने माणा गांव के समीप हुए हिमस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।
- चारधाम यात्रा को लेकर चमोली जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं चाक—चौबंद की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री / सिविल सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है, क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ जल, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय संसाधन और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। श्री मोदी ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत प्रशासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोकसेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने दो ई—बुक भी जारी की।

मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को जन शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे शासन—प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। आज वर्चुअल माध्यम से उन्होंने जिलाधिकारियों को नियमित रूप से जन सुनवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस, बीडीसी की बैठकों और बहुद्देशीय शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। श्री धामी ने अनावश्यक रूप से कार्यों में लेट—लतीफी करने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, होटल व्यवसायियों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां तय समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वनाग्नि रोकथाम के लिए वन विभाग के साथ मिलकर पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने वनाग्नि की संभावना वाले क्षेत्रों में टीमें तैनात करने और उनकी लगातार निगरानी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने गर्मियों में लोगों को पेयजल की दिक्कत न हो, इसके लिए अधिकारियों को जिला स्तर पर बैठक करने के भी निर्देश दिये।

प्रवेश उत्सव

प्रदेश के सभी राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट विद्यालयों में आज स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राजकीय इंटर कॉलेज, रानी पोखरी और पौड़ी गढ़वाल के राजकीय इंटर कॉलेज सबदरखाल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने छात्र–छात्राओं को विद्यालय आने और पठन–पाठन के लिए प्रोत्साहित कर पुस्तकों का वितरण भी किया। वहीं, नैनीताल जिले में भी सरकारी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान सरकारी विद्यालयों में दाखिला लेने वाले बच्चों का स्वागत किया गया। नैनीताल के मुख्य शिक्षा अधिकारी जी.आर. जायसवाल ने बताया कि जिले में शिक्षा विभाग की ओर से इस शैक्षणिक वर्ष में 10 हजार छात्र–छात्राओं के प्रवेश का लक्ष्य रखा गया है।

एनडीएमए निरीक्षण चमोली

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चार सदस्यीय दल ने आज चमोली जिले में माणा गांव के समीप गत 28 फरवरी को हुए हिमस्खलन क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आईटीबीपी और बीआरओ के अधिकारियों से घटना और राहत बचाव कार्य की विस्तृत जानकारी ली। टीम ने आईटीबीपी, बीआरओ और स्थानीय प्रशासन से आपदा राहत कार्यों में आने वाली परेशानियों की जानकारी भी ली। इस दौरान प्राधिकरण के ब्रिगेडियर, सेवानिवृत्त, रविन्द्र गुरुंग ने माणा आपदा के दौरान राहत और बचाव अभियान का हिस्सा रहे आईटीबीपी के जवानों से संवाद भी किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य घटना का अध्ययन कर हिमस्खलन की घटनाओं के प्रभाव को कम करने और आपदा राहत कार्यों को लेकर किए जाने वाले सुधारों को लेकर रिपोर्ट तैयार करना है, ताकि भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने में आसानी हो सके।

चारधाम चमोली

चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने को लेकर चमोली जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी भी चारधाम यात्रा से संबंधित निर्माण कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। इसी क्रम में आज चमोली के उपजिलाधिकारी राज कुमार पाण्डेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 07, चमोली से नन्दप्रयाग तक सड़क सुधारीकरण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को 30 अप्रैल तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नन्दप्रयाग भूस्खलन जोन में कार्य तेजी से चल रहा है। कार्यदायी संस्था को मशीनों की संख्या बढ़ाने और नन्दप्रयाग के तहसीलदार को प्रतिदिन भूस्खलन जोन के कार्यो की प्रगति रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

ट्रायल पौड़ी

मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के तहत पौड़ी के रांसी स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल शुरू हो गया है। इसमें 14 से 23 वर्ष आयु वर्ग के 864 बालक और बालिकाएं भाग ले रही हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि खिलाड़ियों का ट्रायल, एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, खो–खो और बैडमिंटन सहित 12 खेलों के लिए हो रहा है, जो 24 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रायल में चयनित बच्चों को दस हजार रुपये का किट और दो हजार रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

गबर सिंह नेगी

प्रथम विश्वयुद्ध के नायक और विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित शहीद गबर सिंह नेगी की जयंती पर आज टिहरी में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। सेना के जवानों, पूर्व सैनिकों और जनप्रतिनिधियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद के परिजनों व ग्रामीणों ने ढोल–दमौं के साथ स्मारक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गढ़वाल राइफल के सेंटर कमांडेंट विनोद नेगी ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं द्वितीय गढ़वाल राइफल के कमान

अधिकारी के नेतृत्व में लैंसडाउन से आए सेना के जवानों ने स्मारक पर सशस्त्र सलामी दी और पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि वीर गबर सिंह नेगी हमेशा पीढ़ी दर पीढ़ी समाज के आदर्श बने रहेंगे।